योगमय होगा शहर कल

116 केंद्रों व स्कूलों में होगा कार्यक्रम, विश्वयोग दिवस पर आयोजन

प्रतिनिधि, 19 जून

अमरावती- केंद्र व राज्य सरकार की ओर से 21 जून विश्व योग दिन के रूप में विश्व स्तर पर मनाया जाएगा. इस निमित्त जिले में जिलास्तर व तहसील स्तर पर स्थित सभी शालाओं के विद्यार्थियों, युवाओं, नागरिकों में जागृति व योग विषय में रुचि निर्माण करने तथा योग का प्रचार व प्रसार करने के लिए 21 जून को सुबह 7 से 8 बजे तक विभागीय क्रीड़ा संकुल में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है. शहर के सभी नागरिक व क्रीड़ा प्रेमी योग समिति, क्रीड़ा प्रशिक्षक शिक्षक, विद्यार्थियों की उपस्थिति यहां रहेगी. कुल मिलाकर गुरुवार, 21 जून का दिन शहर में योगमय दिखाई देगा.

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय में जिला क्रीड़ा अधिकारी की अध्यक्षता में 18 जून को जिले में योग प्रचार-प्रसार करने वाली विविध संस्था पतंजलि योग पीठ, श्री श्री रविशंकर आर्ट ऑफ लिविंग बृहद महाराष्ट्र योग परिषद, विविध शाला, महाविद्यालयों के योगतज्ञ बैठक लेकर शहर के 16 केंद्रों पर योग प्रशिक्षण केंद्र व कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है. साथ ही इन कार्यक्रमों का प्रचार व प्रसार हो इसके लिए पतंजलि योग समिति, युवा भारत व पतंजलि किसान पंचायत की ओर से मंगलवार को योग जागरण/जनजागरण रैली भी निकाली गई.

विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्र मों की तैयारियां लगभग पूर्ण हुई हैं.योग के प्रात्यक्षिक के लिए जिला स्तर पर योग केंद्र निश्चित किए गए हैं. जिसमें पीडीएमसी आयुष, सूर्योदय योग अनुसंधान समिति व जिला योग एसोसिएशन अग्रवाल योग भवन, विभागीय क्रीड़ा संकुल, विद्याभारती कॉलेज, शिवाजी सायंस कॉलेज, हनुमान व्यायाम प्रसारक मंडल, पुलिस मुख्यालय, एसआरपी कैम्प, मध्यवर्ती कारागृह परिसर, गाडगेबाबा समाधि मंदिर, समर्थ हाईस्कूल, सेंट फ्रांसिस हाईस्कूल, एलआईसी ऑफिस, जिजाऊ सभागृह, महर्षि वाल्मिकी योग साधना केंद्र वायगांव, पतंजलि योग केंद्र गुरुकुंज मोझरी का समावेश है. इन केंद्रों पर सुबह व शाम को योगासन का प्रशिक्षण तज्ञों की ओर से दिया जा रहा है. साथ ही जिले की 14 तहसीलों में गट शिक्षाधिकारी पंचायत समिति की ओर से तहसील स्तर पर योग दिन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. सुबह 7 बजे कार्यक्रम शुरू होगा. विभागीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित योग दिन कार्यक्रम में जिले के पालकमंत्री प्रवीण पोटे के अलावा जनप्रतिनिधि व संभागीय आयुक्त, जिलाधिकारी समेत सभी अधिकारी, पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे.

1000 से अधिक नागरिक लेंगे सहभाग

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय बडनेरा रोड स्थित ह्युंडाई शोरूम के पीछे ब्रह्मकुमारीज विश्व परिवर्तन भवन में 21 जून को जिलास्तरीय योग दिवस का आयोजन किया गया है. सुबह 5.30 से 8.30 के बीच ब्रह्मकुमारी शाखा के करीब 1000 से अधिक नागरिक सहभाग लेकर यहां योग करेंगे. 21 जून को यह परिसर योगमय हुआ दिखाई देगा.

विद्याभारती महाविद्यालय में आयोजन

विद्याभारती जेम्स द्वारा साधना क्लब अंतर्गत 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिन पर सुबह 6.30 बजे शासन निणर्यानुसार योगाभ्यास किया जाएगा. जिसमें महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी, समाज के विविध घटक व विद्यार्थी उपस्थित रहेंगे. योग दिन निमित्त आयोजित कार्यक्रम में अधिकाधिक नागरिक सहभागी हों, ऐसा आह्वान जेम्स विद्याभारती प्रमुख मंजिरी शेखावत, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एफ.सी. रघुवंशी ने किया है. योगाभ्यास कार्यक्रम को योग प्रशिक्षक प्रा. डॉ. वंदना पराते, डॉ. मिथिलेश राठोड़, डॉ. जेम्स समन्वयक आर.एम. पाटिल आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रयासरत हैं.

कौंडण्यपुर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

अधिकमास निमित्त हुए विविध आयोजन

प्रतिनिधि, 19 जून

अमरावती - विदर्भ के पंढरपुर कहलाने वाले श्रीधाम कौंडण्यपुर में आषाढ़ी एकादशी को श्रध्दालु भक्तगणों की जो भीड़ पंढरपुर में होती है उसी प्रकार इस अधिकमास (पुरूषोत्तम) मास में श्री धाम कौंडण्यपुर में श्रध्दालुओं की भीड़ देखने को मिली. पंढरपुर के चंद्रभागा नदी में स्थान हेतु श्रध्दालुगणों का जो जनसागर देखने को मिलता है, वैसा नहीं अपितु भविष्य में ऐसा ही जनसागर इस जगह होने की संभावना है. कौंडण्यपुर धाम में दर्शन हेतु मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, बिहार, यूपी, उड़ीसा, गुजरात, बंगाल आदि सभी प्रांत तथा देश-विदेश के श्रध्दालुगण आये थे.मुख्यतः तीन मंदिर में अधिक संख्या में श्रध्दालुओं की भीड़ देखने को मिली. गोवर्धन इस्कॉन मंदिर, रूक्मिणी विट्ठल मंदिर और अंबिका मंदिर, इन तीनों मंदिरों में से इस्कॉन गोवर्धन मंदिर में अधिक संख्या में श्रध्दालुओं की भीड़ देखने को मिली, क्योंकि यहां भव्य मंदिर के दर्शन के साथ-साथ रूक्मिणी अन्न क्षेत्र एवं हरे कृष्णा प्याऊ की सुंदर व्यवस्था की गई थी. आराम हेतु बड़े-बड़े सत्संग हॉल उपलब्ध किये गये थे. साथ ही साथ 14 भक्त निवास भी उपलब्ध कराये गये थे. इस अधिकमास में दूर-दूर से भक्त लोग पहुंचे थे.इस्कॉन कौंडण्यपुर द्वारा संपूर्ण मास अन्न क्षेत्र में अन्नदान चलता रहा. इसमें विभिन्न स्थान से अन्नदाताओं का भरपूर सहयोग रहा. यह अन्न क्षेत्र केवल अधिकमास में नहीं संपूर्ण मास के 365 दिन नित-नियमित चल रहा है. दोपहर 1 से 3 बजे तक निःशुल्क श्रीकृष्ण प्रसाद वितरण चलता रहा है. कोई भी आये पर भूखा न जाये यह हमारे मिशन का एक अभिन्न अंग है. संपूर्ण श्रध्दालुओं से निवेदन है कि यदि आप अधिक संख्या में आते हैं तो हमें अवश्य एक दिन पूर्व सूचित करें, ताकि हम आपकी सुंदर और बढ़िया व्यवस्था कर सकें.सोमवार, 23 जुलाई को आषाढ़ी एकादशी को भी अत्याधिक संख्या में श्रध्दालुगण यहां पधारते हैं.

तीन दिनों तक यहां भक्तों का संगम देखने को मिलता है. तीन दिन का भव्य महामहोत्सव चलता है. दूर-दूर से दिंडी यात्रा लेकर हजारों की संख्या में श्रध्दालु सम्मिलित होते हैं. इस उत्सव में इस्कॉन कौंडण्यपुर द्वारा सभी भक्तों के लिये एकादशी फराली प्रसाद के साथ महाप्रसाद की भी निःशुल्क व्यवस्था की जाती है. भविष्य में भक्तों को एक साथ प्रसाद सेवन हेतु एक विशाल भवन निर्माण का प्रकल्प है. किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु 9423127845 पर संपर्क करें.

24 को होगा सरयूपारीण समाज के मेधावियों का सत्कार

राम मंदिर में हुई नियोजन बैठक

अमरावती - स्थानीय श्री सरयूपारीण ब्राम्हण सभा की ओर से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में नेत्रदीपक सफलता हासिल करने वाले समाज के प्राविण्यता प्राप्त मेधावी छात्र-छात्राओं का समारोह पूर्वक सत्कार किया जाएगा. इस हेतु आगामी 24 जून को शाम 4 बजे स्थानीय खापर्डे बगीचा परिसर स्थित श्री गणोरकर मठ में सत्कार समारोह का आयोजन किया गया है. जिसमें सरयूपारीण ब्राह्मण समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का पुष्प, प्रशस्ति पत्र, सम्मान चिन्ह व प्रोत्साहन राशि देकर सत्कार किया जाएगा. इस सत्कार समारोह का आयोजन राजेश्वरदत्त तिवारी के सौजन्य से किया जा रहा है.इस आयोजन को लेकर पूर्व तैयारी करने एवं आयोजन से जुड़ी तमाम बातों पर विचार विमर्श करने हेतु रविवार, 17 जून को राजापेठ परिसर स्थित काठियाबाबा राममंदिर में श्री सरयूपारीण ब्राह्मण सभा की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया था. जिसमें यह तय किया गया है कि 24 जून को आयोजित सत्कार समारोह में कक्षा 10वीं व कक्षा 12वीं की परीक्षाओं में 80 फीसदी से अधिक अंक हासिल करने वाले समाज के सभी होनहार छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा. इस हेतु सभी समाजजनों से अपील भी की गई थी. वे अपने परिचय में रहने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं की जानकारी व उनकी अंकसूची की प्रतिलिपि गुरुवार, 21 जून से पहले श्री सरयूपारीण ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष सूरजकिशोर चौबे (मो. नं. 9823266097) के पास प्रेषित कर दें. साथ ही रविवार, 24 जून को आयोजित होने वाले सत्कार समारोह में अधिकाधिक समाजजन उपस्थित हों. इस नियोजन सभा में श्री सरयूपारीण ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष सूरजकिशोर चौबे, कार्याध्यक्ष मुकेश तिवारी, महासचिव देवनारायण दुबे, सचिव वीरेंद्र तिवारी, पूर्व अध्यक्ष डॉ. सत्यदेव मिश्र, युवा कार्यकारिणी अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा व रुपेश तिवारी तथा आयोजन के मुख्य संयोजक राजेश्वरदत्त तिवारी उपस्थित थे.

8 जुलाई को होगी टीईटी परीक्षा

अमरावती- शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 8 जुलाई को ली जाएगी. कक्षा 1ली से 8वीं वर्ग के लिए सभी व्यवस्थापन, सभी मंडल, माध्यमिक, अनुदानित, बिनाअनुदानित, कायम बिना अनुदानित शालाओं में शिक्षा सेवक अथवा शिक्षक पद पर नियुक्ति के लिए टीईटी देना जरूरी है. यह परीक्षा उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों को शिक्षा सेवक अथवा शिक्षक पद पर नियुक्ति दी जाती है. ऑनलाइन आवेदन व शुल्क भरने के लिए 25 अप्रैल से 15 मई तक समयावधि दी गयी थी. 25 जून से 7 जुलाई के दौरान ऑनलाइन आवेदन की प्रिंटेड कॉपी प्राप्त कर सकते हैं.

अमरावती : लाचुरे का सम्मान करते सत्यप्रकाश गुप्ता व अन्य.

सुश्रुत लाचुरे की शानदार सफलता

प्रतिनिधि, 19 जून

अमरावती - स्थानीय ज्ञानमाता हाईस्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र सुश्रुत सतीश लाचुरे का समाजसेवी सत्यप्रकाश गुप्ता, शेखर गुप्ता, रामगोपालजी वर्मा, गणेश कुशवाह, डॉ. आरती लाचुरे ने पुष्पगुच्छ देकर सत्कार किया.

सुश्रुत लाचुरे को 10वीं कक्षा में 94.40 प्रतिशत अंक मिले हैं. सुश्रुत भविष्य में डॉक्टर बनना चाहता है. उनकी मां डॉ. आरती लाचुरे का तारा क्लिनिक है तथा उसके पिता स्व. सतीश लाचुरे अमरावती के प्रसिध्द डॉक्टर थे. सुश्रुत अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और माता-पिता को देता है. साहू समाज सुश्रुत के उज्जवल भविष्य की कामना करता है तथा उनके परिवार का अभिनंदन करता है.

पेड़ से कुएं में गिरी महिला की मौत

प्रतिनिधि, 19 जून

अमरावती - नांदगांव पेठ पुलिस थाना अंतर्गत राजमाता कॉलोनी रहाटगांव चौक में पेड़ से कुएं में गिरने से सुमन हरिदास पुढारे (65, मार्की, तह.भातकुली) की मौत हो गई. बताया जाता है कि सुमन मनोरोगी थी. रहाटगांव चौक में सुधाकर यावले के अपार्टमेंट का काम चल रहा था. शाम 4 बजे कुएं से सटे सागवान के पेड़ पर सुमन चढ़ रही थी. अचानक पेड़ की टहनी टूटी और सुमन सीधे कुएं में जा गिरी. उसके सिर पर चोट आने और पानी में डूबने से उसकी मृत्यु हुई. पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है. पीएसआई आर.जे. चंदापुरे मैडम आगे की जांच कर रही हैं.

लंगर व ठंडे शरबत का हजारों ने लिया लाभ

गुरु अर्जनदेव के शहीदी दिवस पर आयोजन

अमरावती- सिख समाज के 5वें धर्मगुरु व शहीदी के सरताज अर्जनदेव महाराज की याद में हजारों भक्त और नागरिकों ने लंगर व ठंडे शरबत का लाभ उठाया. रविवार को सुबह राजापेठ गुरुद्वारा पर 8 से 12 बजे तक, कंवरनगर में 10 से 3 बजे तक, राजकमल पर दोपहर 2 से रात 8 बजे तक, एसटी बस स्टैंड पर दोपहर 2 से 6 बजे तक तथा राजापेठ बस स्टैंड में दोपहर 3 से 6 बजे तक शरबत का वितरण किया गया. प्रातः से ही शहीदी दिवस पर गुरुद्वारा में भजन कीर्तन हुए जिसके बाद सैकड़ों ने लंगर का भी लाभ उठाया. राजकमल चौक पर दी गई शरबत की सेवा रविंद्रसिंह सलूजा, हरबक्षसिंह उबोवेजा, गुरुविंदरसिंह बेदी, कलिंदरसिंह उबोवेजा, हरविंदरसिंह राजपूत, गगनदीप राजपूत, नवनीतसिंह सलूजा, जगदीशलाल छाबड़ा, हंसदीप बेदी, विशाल नाथानी, रिंकू बग्गा, अर्जुनसिंह बग्गा, सिमरन उबोवेजा, सिमरन बग्गा, राजेंद्रसिंह सलूजा, भजनसिंह सलूजा, रविंद्रपालसिंह अरोरा, वकील जयसिंघानी, नमनदीप सलूजा, हेमंत व्यास, नरेंद्रसिंह अरोरा, खुशी अरोरा, रविंद्रपाल अरोरा, बलराज छाबड़ा, अमितसिंह सलूजा, यशपाल सलूजा, प्रवीण नाथानी, राजेंद्रसिंह छाबड़ा, अमर छाबड़ा आदि ने प्रदान की.

अमरावती : महाराणा प्रताप जयंती निमित्त वीर राणा मंडल की ओर से आयोजित शोभायात्रा में सहभागी सांसद आनंदराव अडसूल, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शिवराय कुलकर्णी व अन्य.

स्वतंत्र विदर्भ के लिए 4 को नागपुर बंद

प्रथक राज्य आंदोलन समिति के वरिष्ठ नेता चटप ने दी जानकारी

प्रतिनिधि, 19 जून

अमरावती- स्वतंत्र विदर्भ की मांग के साथ ही विदर्भ के सर्वांगीण विकास, किसानों के प्रश्न व बेरोजगारों की समस्याओं को लेकर केवल आश्वासन देनेवाली भाजपा सरकार का विरोध करने हेतु आगामी 4 जुलाई को मानसून सत्र के दौरान विदर्भ विरोधी विधायकों के खिलाफ वापस लौटने का नारा देने के साथ ही नागपुर बंद रखने का ऐलान विदर्भ राज्य आंदोलन समिति के वरिष्ठ नेता वामनराव चटप ने रविवार को पत्र परिषद के दौरान किया है. वामनराव चटप ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस सहित भाजपा के कई नेताओं ने स्वतंत्र विदर्भ का आश्वासन दिया था. यहां तक कि केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने भी लिखित आश्वासन देने के बावजूद अब तक विदर्भ की जनता को केवल गुमराह किया जा रहा है. किसानों को कर्जमाफी, उत्पादन खर्च के साथ ही 50 फीसदी मुनाफा, लोडशेडिंग से राहत, बिजली बिल की कम दर, विदर्भ के बेरोजगारों को रोजगार के लिए स्वतंत्र विदर्भ भी एकमात्र रास्ता है. स्वतंत्र विदर्भ की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के साथ ही केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी के मकान के समक्ष मोर्चा व ठिया आंदोलन निकाला गया था. साथ ही 5 दिसंबर 2016 को विधानभवन नागपुर पर भी विदर्भवादी किसानों ने मोर्चा निकाला था. यहां तक कि अब तक चक्काजाम आंदोलन सहित रेल रोको आंदोलन करने के बावजूद विदर्भवादियों को न्याय नहीं मिल रहा है. राज्य सरकार से विदर्भ को न्याय मिलने की उम्मीद कम ही है. जिसके चलते स्वतंत्र विदर्भ की मांग को लेकर आगामी 4 जुलाई को सुबह 10 से नागपुर बंद का आह्वान विदर्भ राज्य आंदोलन समिति की ओर से किया गया है.

नवनियुक्त निगमायुक्त का पार्षदों ने किया स्वागत

कर्मचारी संगठन की ओर से पुष्पगुच्छ देकर सम्मान

अमरावती- स्थानीय महानगर पालिका के नवनियुक्त निगमायुक्त संजय निपाणे का मंगलवार को पार्षदों व मनपा कर्मचारी संगठन की ओर से पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया. हाल ही में मनपा आयुक्त का पदभार संजय निपाणे ने स्वीकारा है. जिसके चलते उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया. इस दौरान पार्षद दिनेश बूब, जयश्री डहाके, विलास इंगोले, राधा कुरील, नूतन भुजाड़े, उपायुक्त नरेंद्र वानखड़े, सहायक आयुक्त राहुल ओगले, नगर सचिव मदन तांबेकर, कार्यालय अधीक्षक दुर्गादास मिसाल, उद्यान अधीक्षक प्रमोद येवतीकर, कर्मचारी संगठन के महासचिव प्रल्हाद कोतवाल, राजू कुरील, विजय अटालकर, अनुराग चव्हाण आदि उपस्थित थे.

सूचना

प्रतिदिन अखबार के पाठकों को सूचित किया जाता है कि वे इस अखबार में प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों व लेखों में उल्लेखित उत्पादनों की गुणवत्ता जाँच-पड़ताल करने के बाद ही उसे खरीदने आदि के संबंध में निर्णय लें व आर्थिक व्यवहार करें. अपने उत्पाद अथवा सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, प्रतिदिन अखबार उसकी कोई गारंटी नहीं देता. कृपया नोट करें कि विज्ञापित उत्पादों में किए गए दावों की पूर्ति यदि विज्ञापनदाता (उत्पादक) अथवा संबंधित नहीं करते तो उसके परिणामों के लिए प्रतिदिन अखबार के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक व मालिक जिम्मेदार नहीं होंग

व्यवस्थापक

दो दिवसीय फेमकॉन चर्चासत्र में कई विषयों पर मंथन

अमरावती : फेमकॉन चर्चासत्र में उपस्थित प्रस्तूति व स्त्रीरोग संगठन की पदाधिकारी व सदस्याएं. फोटो जय स्टूडियो.

प्रसूति व स्त्रीरोग संगठन का उपक्रम, विशेषज्ञों ने किया मार्गदर्शन

प्रतिनिधि,19 जून

अमरावती- प्रसूति व स्त्रीरोग संगठन, ईपीडीएन सोसायटी ऑफ असिस्टेंट रिजॉडक्शन महाराष्ट्र राज्य शाखा के संयुक्त तत्वावधान में फेमकॉन इस दो दिवसीय चर्चासत्र का आयोजन स्थानीय कैम्प रोड स्थित होटल ग्रैंड महफिल में किया गया. इस चर्चासत्र में तज्ञों ने विविध विषयों पर मार्गदर्शन किया. चर्चासत्र के पहले दिन सांस्कृतिक भवन में वंध्यत्व व मातृत्व विषय पर उपस्थितों ने मार्गदर्शन किया. दो दिवसीय चर्चासत्र में वरिष्ठ व श्रेष्ठ स्त्रीरोग व प्रसूति शास्त्रज्ञों ने उपस्थिति दर्शाई. चर्चासत्र में फेमकॉन परिषद आयोजन समिति की अध्यक्ष डॉ. पुष्पा जुनघरे उपस्थित थीं. डॉ. मंजुश्री बूब, डॉ. अश्विनीकुमार देशमुख ने परिषद के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. परिषद के उद्घाटन अवसर पर डॉ. मंदाकिनी मेघ, डॉ. ऋषिकेश प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थे. डॉ. शिल्पा राठी व डॉ. अनुराधा काकानी ने उद्घाटन समारोह का संचालन किया. पहले दिन डॉ. पुष्पा जुनघरे, डॉ. सुनील गुप्ता, डॉ. रोहिणी देशपांडे, डॉ. सुनील तायड़े, डॉ. रागिनी अग्रवाल, डॉ. मोहन अग्रवाल, डॉ. प्रेरणा शिंदे, डॉ. शिल्पी सुड, डॉ. संदेश काले का व्याख्यान हुआ. दोपहर के सत्र में उपचार के संदर्भ में नई-नई तकनीकों का प्रस्तुतिकरण किया गया. परिषद में 40 से अधिक तज्ञों ने मार्गदर्शन किया. 350 से अधिक सदस्य उपस्थित थे. समापन समारोह में डॉ. मंजुश्री बूब, डॉ. सुधा देशमुख, डॉ. पुष्पा थोरात, डॉ. शोभा पोटोड़े, डॉ. पुष्पा सोमवंशी, डॉ. वैजयंती पाठक, डॉ. मोना आडतिया आदि उपस्थित थे.